# ईएसआइसी में पंजीकरण का मिला सुनहरा मौका

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) ने सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की एसपीआरईई–2025 योजना शुरू की है। अगर आप किसी कंपनी या फैक्ट्री में काम करते हैं और अब तक ईएसआइसी के तहत पंजीकृत नहीं हैं, तो मौका है। एक जुलाई से शुरू यह योजना 31 दिसंबर 2025 तक सक्रिय रहेगी।



सुनील यादव, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम के प्रभारी

उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम के प्रभारी सुनील यादव ने बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डा. मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित ईएसआइसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई–2025 को मंजूरी दी है। इस दौरान बिना किसी जांच या सजा के पंजीकरण करवा सकते हैं। अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों को निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग के बिना नामांकन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियोक्ता ईएसआइसी पोर्टल के जरिए अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटली से पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण के दिन से ही योजना में शामिल माना जाएगा।

## ...ान में लगी आग,